शिगमोत्सव (Shigmotsav)

- ‘शिगमो’ अथवा ‘शिगमोत्सव’ **गोवा के आदिवासी समुदायों द्वारा** 'धान की समृद्ध और सुनहरी फसल' के लिये मनाया जाने वाला उत्सव है। **कुनबी, गावड़ा और वेलिप सहित विभिन्न कृषि समुदाय** इस त्यौहार को मनाते है। यह त्योहार **वसंत की शुरूआत** का भी प्रतीक है।
- शिगमोत्सव हिंदू पंचांग के अनुसार **फाल्गुन-चैत्र माह के दौरान** एक पखवाड़े से अधिक समय तक चलता है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर में प्रत्येक वर्ष मार्च-अप्रैल का समय होता है। यह त्योहार 'नमन' प्रथा के साथ शुरू होता है, जिसमें स्थानीय देवताओं का वंदन किया जाता है।
- इस दौरान प्रतिभागी पौराणिक स्थापनाओं, चित्रित चेहरों और विभिन्न रंग की पारंपरिक व रंगीन वेशभूषा से सुसज्जित होते हैं। यह रंगों, गीतों और नृत्यों का एक जीवंत उत्सव है जो गोवा की संस्कृति व परंपराओं से जुड़ा हुआ है।
- इस दौरान प्रतिभागी **घोड़ेमोदिनी (घुड़सवार योद्धाओं का नृत्य), गोपा और फुगड़ी जैसे लोक नृत्यों का प्रदर्शन** करते हैं। साथ ही, घुमत, ढोल, मढ़ले और ताशे जैसे वाद्य यंत्रों का भी प्रयोग इसमें किया जाता है।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students